Need to provide benefit of Old Pension Scheme to personnel of Paramilitary Forces-Laid

श्री धर्मबीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़) : अर्धसैनिक बलों को आज भी पुरानी पेंशन योजना (OPS) से वंचित रखा गया है, जबकि उन्होंने लोकतंत्र और संसद की रक्षा में अपने प्राण तक न्यौछावर किए हैं। सेना की भांति इन्हें भी OPS का लाभ मिलना चाहिए। इसके अतिरिक्त छुट्टियों में भी असमानता है?CISF को केवल 30 दिन की छुट्टी मिलती है, जबकि अन्य बलों को 60 से 100 दिन। यह भेदभाव समाप्त होना चाहिए। संबंधित निम्नलिखित अन्य मांगें भी विचारणीय हैं जैसे कि पैरा मिलिट्री वेलफेयर बोर्ड का गठन हर राज्य में किया जाए ; शहीद अर्धसैनिक जवानों के बच्चों को नौकरी व शिक्षा में आरक्षण दिया जाए ; GST से अर्धसैनिक बलों की कैंटीन को छूट दी जाए ; हर जिले में सैनिक कल्याण बोर्ड में पैरामिलिट्री का प्रतिनिधित्व हो।